लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ रायपुर
(प्रथम तल, सी खण्ड इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर)
(दूरभाष क्रमांक 0071–2331385 ई.मेल.आई.डी. cg.dpi.dir@gmail.com)

नवा रायपुर दिनांक/9.06.2025

क्रमांक/अनुदान/ सी.बी.एस.ई./एन.ओ.सी./2025/ 89

प्रति,

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय महानदी भवन
नवा रायपुर .

विषयः सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम से संबध्दता बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में– –अशासकीय कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल ग्राम खपरी जिला दुर्ग।

संदर्भः जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग का पत्र क्रमांक/16285/मान्यता/सी.बी.एस.ई../2025/ दिनांक 17.12.2024

––00––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम से संबध्दता बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में अशासकीय सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम से संबध्दता बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में–अशासकीय कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल ग्राम खपरी जिला दुर्ग का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव का परीक्षण छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/एफ 6–1/ 2008/ 20–तीन दिनांक 09.7.2013 एवं एन.आई.सी.द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार निम्नानुसार किया गया है :–

1 विभागीय अनापत्ति हेतु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र की प्रति संलग्न है।
2 संस्था की कार्यकारिणी में छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल के प्रतिनिधि नामांकित किये जाने संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न है।
3 छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/एफ 6–1/2008/20–तीन दिनांक 09.07.2013 में दिये गये निर्देशों के पालन करने के संबंध में शपथ–पत्र संलग्न है।
4 संस्था के प्रबंध कार्यकारिणी समिति में शासकीय प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने संबंधी जिला शिक्षा अधिकारी का पत्र संलग्न है।
5 जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा नर्सरी से 8 तक मान्यता प्रदान किया गया है , मान्यता प्रमाण पत्र संलग्न है।
6 संस्था के पास स्वयं की भूमि नहीं है भूमि लीज पर ली गई है।, । भूमि का क्षेत्रफल 75000 वर्गफीट है। बिल्डअप एरिया 50000 वर्गफीट है। भूमि का नक्शा खसरा किश्तबंदी खतौनी इत्यादि की छायाप्रति संलग्न है।
7 स्कूल में कम्प्यूटर लैब, प्रयोगशाला कक्ष, ग्रंथालय उपलब्ध होने संबंधी फोटोग्राफ्स संलग्न है।
8 संस्था में नर्सरी से कक्षा आठवीं तक कुल 184 विद्यार्थी अध्यनरत् हैं कक्षावार छात्र संख्या की जानकारी संलग्न है।
9 विद्यालय में 22 कार्यरत् शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत् हैं। स्टॉफ की सूची (पद, शैक्षणिक योग्यता, वेतन इत्यादि की जानकारी संलग्न है।
10 शिक्षण समिति का नाम '' कृष्णा विकास एजुकेशनल ट्रस्ट '' है। पंजीयन क्रमांक IN-OD04749225649039U दिनांक 10 अक्टूबर 2022 है। समिति की नियमावली व समिति के सदस्यों की सूची आदि की जानकारी संलग्न है।
11 संस्था में पेयजल,शौचालय,अग्निशमन यंत्र, उपलब्ध होने संबंधी फोटोग्राफ्स संलग्न है।
12 संबंधित स्कूल निरीक्षण प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है।
13 शाला का ऑडिट रिपोर्ट संलग्न किया गया है।

PTO

14 संस्था में पालक–शिक्षक समिति गठित किये जाने संबंधी अभिलेख संलग्न हैं।
15 संस्था का शुल्क विवरण पत्रक संलग्न किया गया है।
16 जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा अशासकीय कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल ग्राम खपरी जिला दुर्ग को सी.बी.एस.ई.संबध्दता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने के संबंध में संस्था को संपूर्ण संसाधनों से परिपूर्ण बताया है।
17 पिछले तीन महिनों की स्टॉफ की उपस्थिति रजिस्टर की जानकारी संलग्न है।
18 स्टॉफ के वेतन का सैलरी सर्टिफिकेट का प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है।
19 स्कूल भवन निर्माण किये जाने भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र संलग्न है है।
20 एक्सिकेटिव इंजीनियर लो.शि.वि.(भ/स) दुर्ग द्वारा प्रदाय भवन सुरक्षित संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है।

अतः अशासकीय कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल ग्राम खपरी जिला दुर्ग को नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक शिक्षा सत्र 2025–26 से सी.बी.एस.ई.पाठ्यक्रम सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने बाबत प्रस्ताव अनुशंसा सहित प्रेषित किया जाता है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार
(संचालक, लोक शिक्षण छ.ग.द्वारा अनुमोदित)

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर
नवा रायपुर दिनांक 19.06.2024

पृ.क्रमांक/ अनुदान/ सी.बी.एस.ई../एन.ओ.सी./2023/ 90
प्रतिलिपि,
1 जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2 प्राचार्य, अशासकीय कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल ग्राम खपरी जिला दुर्ग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर